SAMPLE TEST PAPER

Class: VI **Subject: SOCIAL SCIENCE**
Time: 2 Hrs 30 Min **Max Marks: 50**

सामान्य अनुदेश :-

1. इस प्रश्न पत्र में पाँच अनुभाग है।
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं। इनमें से किसी एक को हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न के सामने उनके अंक इंगित हैं।
6. खंड क, प्रश्न संख्या 1 से 6 तक हैं प्रत्येक 1 अंक का है।
7. खंड ख, प्रश्न संख्या 7 से 11 तक हैं प्रत्येक 2 अंक का है।
8. खंड ग, प्रश्न संख्या 12 से 17 तक हैं प्रत्येक 3 अंक का है।
9. खंड घ, प्रश्न संख्या 18 से 19 तक हैं प्रत्येक 4 अंक का है।
10. खंड ङ, प्रश्न संख्या 20 मानचित्र आधारित हैं जिसमे दो भाग है-20(A) और 20(B). यह कुल 6 अंकों का है। मानचित्र को हल करने के बाद उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न कीजिये।
11. प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिये गए हैं।

General Instructions:-

1. This question paper is divided into five sections.
2. There are total 20 questions in this question paper.
3. All questions are compulsory.
4. There is internal choice in some of the questions. Attempt only one of them.
5. Marks are indicated against each question.
6. Section A, questions 1 to 6 are of 1 mark each.
7. Section B, questions 7 to 11 are of 2 marks each.
8. Section C, questions 12 to 17 is of 3 marks each.
9. Section D, questions 18 and 19 are of 5 marks each.
10. Section E, question number 20 is a map based question which has two parts 20(A) and 20 (B). It is of total 6 marks. Map should be tied with the answer sheet only.
11. There are separate questions in lieu of question no. 20 for visually impaired students.

SECTION A

प्रश्न संख्या 1-3 तक के प्रश्नों का उत्तर दिये गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए-

Answer the question no. 1-3 by choosing the correct option given below-

Q. No. 1 पार्षदों के चुनाव के लिए शहरों को बाँटा जाता है- 1

(a) ज़िला (b) पुलिस थाना (c) वार्ड (d) तहसील

For the purpose of election of the councilor towns are divided into -

(a) District (b) Police station (c) Ward (d) Tehsil

Q. No. 2 नील नदी किस महाद्वीप में बहती है? 1

(a) एशिया (b) अफ्रीका (c) उत्तरी अमरीका (d) ऑस्ट्रेलिया

In which continent river Nile flows-

(a) Asia (b) Africa (c) North America (d) Australia

Q. No. 3 जमीन से जुड़े विवाद के मामले किसके दफ़्तर में सुने जाते हैं- 1

(a) तहसीलदार (b) पटवारी का (c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

In whose office cases of land disputes are heard-

(a) Tehsildar (b) Patwari (c) Prime Minister (d) Chief Minister

प्रश्न संख्या 4-6 तक के प्रश्नों का उत्तर पूर्ण वाक्य में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए-

Answer of question number 4-6 should be written in complete sentence in your answer sheet-

Q. No. 4 'अशोक' किसके उपदेशों से प्रभावित हुए थे? 1

By whose sermon Ashoka was influenced?

Q. No. 5 चोल राजाओं के सत्ता का एक केंद्र तटीय प्रदेश में भी था, क्यों? 1

One of the centers of Chola administration was also in coastal area, why?

Q. No. 6 बौद्ध धर्म की कौन सी धारा श्रीलंका में फैली? 1

Which form of Buddhism spread in Srilanka?

SECTION B

Q. No. 7 अनियमित रूप से काम करने वालों को क्या-क्या परेशानियाँ होती हैं? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। 2

What are the problems faced by the workers who have no regular work? Mention any two.

Q. No. 8 नीचे बॉक्स मे मानचित्रों के प्रकार लिखे हैं। बताइये कि इनमें से किस प्रकार के मानचित्र का उपयोग निम्नलिखित को प्रदर्शित करने के लिए किया जाएगा- 2

भौतिक मानचित्र , राजनीतिक मानचित्र , थिमैटिक मानचित्र

(a) गाँव की सीमाएं (b) सूती वस्त्र उद्योग (c) वर्षा (d) मैदान

Types of maps are given in the box. State which type of map should be used to show the following –

Physical map, Political map. Thematic map

(a) Boundaries of villages (b) Distribution of cotton textile industries

(c) Distribution of rainfall (d) Plains

Q.No.9. अशोक के अधिकतर अभिलेखों में 'प्राकृत भाषा' का प्रयोग क्यों किया गया?
Why 'Prakrit language' is used in most of the Ashokan Inscriptions? 2

Q.No.10. क्या ये कहना सही होगा कि यदि पृथ्वी पर पेड़-पौधे की मात्रा कम हो जाएगी तो पृथ्वी पर बाढ़ आने का खतरा बढ़ जाएगा? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दें। 2
Will it be justified to say that the chances of flood will increase if there will be decrease in the amount of vegetation? Support your answer with proper argument.

Q.No.11 'ज़रीब' किसे कहते हैं? इसका क्या उपयोग है? 2
What is 'zarib'? What is the use of it?

SECTION C

Q.No.12. प्रादेशिक केन्द्रों के बीच के इलाकों में मौर्य शासक सिर्फ मार्गों और नदियों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करते थे क्यों? 3
Mauryan rulers tried to control only on the roads and rivers in between the provincial centers. Why?

Q.No.13. निगम पार्षद और प्रशासनिक अधिकारियों में क्या अंतर है? 3
Differentiate between the Councilors and the Administrative officers on the basis of their powers and functions?

Q.No.14. ग्राम पंचायत की आमदनी के क्या श्रोत हैं? 3
What are the sources of income of Gram Panchayat?

Q.No.15. रेखाचित्र और मानचित्र में क्या अंतर है? 3
What is the difference between sketch and Map?

Q.No.16. सुंदरवन डेल्टा का निर्माण कैसे हुआ? 3
How is Sunderban delta formed?

Q.No.17. राजा सिल्क मार्ग पर अपना नियंत्रण क्यों रखना चाहते थे? 3

Or (या)

नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर दिये गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए-

दक्षिण भारत सोना, मसाले खासतौर पर काली मिर्च तथा कीमती पत्थरों के लिए प्रसिद्ध था। काली मिर्च की रोमन साम्राज्य में इतनी माँग थी कि इसे "काले सोने" के नाम से बुलाते थे। व्यापारी इन सामानों को समुद्री जहाजों और सड़कों के रास्ते रोम पहुँचाते थे। दक्षिण भारत में ऐसे अनेक रोमन सोने के सिक्के मिले हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जाता है कि उन दिनों रोम के साथ बहुत अच्छा व्यापार चल रहा था।

प्रश्न: (a) रोम में 'काला सोना' किसे कहते थे?
(b) रोम के साथ अच्छा व्यापार चल रहा था, यह कैसे पता चलता है?

Why rulers were inclined to control Silk Route?

Or

Read the paragraph carefully and answer the following question-

South India was famous for gold, spices, especially pepper and precious stones. Pepper was particularly valued in the Roman Empire, so much so that it was known as "Black Gold". So traders carried many of these goods to Rome in ships across the sea and by land in caravans. There must have been quite a lot trade as many Roman gold coins have been found in South India.

Question-(a) What was known as 'black gold' in Roman empire?

(b)How do we know that there must have been quite a lot trade happening with Roman Empire?

SECTION D

Q.No.18. यदि किसी देश का मानक समय ग्रीनविच समय से तीन घंटा आगे हो तो उस देश के मानक मध्याह्न रेखा का मान क्या होगा? गणना कर के दिखायें। 5

If the standard time of any country is three hours ahead of Greenwich Time than what will be the value of its prime meridian? Show through calculation.

Q.No.19. 'उपनिषद' का शाब्दिक अर्थ क्या है? इसमें किन विषयों की चर्चा की गयी है? 5

What is the literal meaning of 'Upanishad'? What concepts were dealt in this?

Or (या)

अशोक ने प्रजा की भलाई के लिये कौन-कौन से कार्य किए? किन्हीं पाँच को लिखिए।

What were the works done by Ashoka for the welfare of his subjects? Write any five.

SECTION E

Q.No.20(A)(I) भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में A और B दो लक्षण अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उसके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए- 1×6=6

उज्जैन , कलिंग

Q. No.20(A)(II) भारत के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नो से दर्शाइए और नाम लिखिए-

(i) असम (ii) तमिलनाडू

Q. No.20(B) विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नो से दर्शाइए और नाम लिखिए-

(i) दक्षिण अमरीका महाद्वीप (ii) आर्कटिक महासागर

Three places A and B are marked on the outline political map of India, identify these places with the help of following information and write their correct names on the line marked near them:

Ujjain , Kaling

Locate and label the following with appropriate symbols on the same given outline political map of India

(i) Assam (ii) Tamilnadu

Locate and label the following with appropriate symbols on the same given outline map of world.

(i) South America (ii) Arctic ocean

नोट : निम्नलिखित प्रश्न <u>केवल दृष्टिबधित परीक्षार्थियों के लिए</u> प्रश्न संख्या 20 के स्थान है।

i) **बुद्धचरित की रचना किसने की?**

ii) **जैन धर्म की स्थापना किसने की?**

iii) **पटना का प्राचीन नाम क्या था?**

iv) **अशोक का शेरों वाला स्तम्भ कहाँ से मिला है?**

v) **कर्नाटक में स्थित एक नवपाषाण कालीन पुरास्थल का नाम**

vi) **कोल्डिहवा पुरास्थल का नाम किस राज्य में स्थित है?**

<u>Note:</u> The following questions are for the <u>Visually Impaired candidates Only</u> in lieu of Q. No. 20.

(i) Who wrote Buddhcharit?

(ii) Who was the founder of Jainism?

(iii) What was the ancient name of Patna?

(iv) Where do we found lion capital of Ashoka?


(v) A Neolithic cite located in Karnataka.

(vi) In which state Koldihwa archeological site is located?

Q.No. 20(A) 1 & 2 VI(P) (S

INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES

भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश




. Based upon Survey of India Map with the permission of the Surveyor General of India.
. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
. The Interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttarakhand, Bihar & Jharkhand, Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Governments concerned.
. The boundary of Meghalaya shown on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas (Reorganisation) Act, 1971, but has yet to be verified.
. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master copy certified by the Survey of India, Dehra Dun.
. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh. (Letter No.T.S. 991/62-A-3/213 Dated 5/3/2003)

© Government of India Copyright, 2017.

Publishers :-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road,Delhi-110006.
E-mail: info@bhutmenhouse.com

WORLD - PHYSICAL

संसार–प्राकृतिक



1. Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India.Dehra Dun Vide Letter No. T.B: 409/62-A-3/213 Dated 13/3/2003.

© Government of India Copyright, 2008.

Publishers: -
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road, Delhi-110006.
Delhi-6

Printed by: Prakash Offset Printers

Price:- Re.1-00